पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएँ

लखनऊ : 19 फरवरी, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस के अवसर पर दोनों राज्यों के निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। राज्यपाल जी ने अपने संदेश में कहा कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और विविधता से परिपूर्ण अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम देश की एकता और अखंडता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इन राज्यों की जनता ने विकास के पथ पर उल्लेखनीय प्रगति की है और उनके प्रयासों से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन एवं अन्य क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

उन्होंने ने आशा व्यक्त की कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम आने वाले वर्षों में और अधिक प्रगति करेंगे तथा अपनी समृद्ध परंपराओं को सहेजते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देंगे। उन्होंने सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना है।

संपर्क सूत्रः

डॉ0 संगीता चौधरी,

सूचना अधिकारी, राजभवन

मो0ः 9161668080